दिनांक : 30.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में आज कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड खाद्यान उत्पादन, खेलों में भारत की उपलब्धियों और अंतरिक्ष क्षेत्र की ऊंची उड़ान तथा वोकल फॉर लोकल अभियान की बात कीं प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया हैं देश ने 357 मिलियन टन खाद्यान का रिकॉर्ड उत्पादन कर बड़ी उपलब्धि हासिल की हैं

.............................................................

प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती को निरंतर बढ़ावा देने पर भी ज़ोर दियां इसके साथ ही श्री मोदी ने रिकॉर्ड शहद उत्पादन, स्पेस स्काई रूट में इनफिनिटी कैम्पस और खेलों की दुनिया की उपलब्धियों का भी ज़िक्र कियां प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस और अयोध्या में धर्म ध्वजा आरोहण की भी बात कीं उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र में हाल ही में हुए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भाग लेना अनूठा अनुभव रहां दुनियाभर में लोग गीता से प्रेरित हो रहे हैं प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति में शांति और करूणा के भाव को सर्वोपरि बतायां श्री मोदी ने देशवासियों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साथ लेकर चलने की अपील कीं उन्होंने आगामी क्रिसमस और नये साल की खरीदारी में भी वोकल फॉर लोकल की भावना को ध्यान में रखने का आह्वान कियां

.............................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनां मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में मंडल अध्यक्षों और पार्षदों से चर्चा भी कीं

.............................................................

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा हैं ये सत्र 19 दिसम्बर तक चलेगां इससे पहले आज रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक चल रही हैं इसमें राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय मामलों के राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और डॉ एल मुरुगन भी मौजूद हैं कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और शिवसेना नेता सहित अन्य लोग बैठक में भाग ले रहे हैं

.............................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेल कोटे से 5 पुलिसकर्मियों को विशेष पदोन्नति दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी हैं एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के इन पदक विजेताओं को ये सम्मान दिया गया हैं इनमें सुषमा शर्मा, निधि शर्मा, मुस्कान मलिक और सचिन शामिल हैं इन्होंने चीन में 2022 में हुए 19वें एशियाई खेलों में कबड्डी में स्वर्ण पदक हासिल किए थें वहीं पूजा ने वर्ष 2022 में ब्रिटेन में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में कांस्य पदक प्राप्त कियां मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने देश–प्रदेश का गौरव बढ़ाया हैं इनकी पदोन्नति खेल उपलब्धियों का सम्मान और दूसरे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी हैं

.............................................................

प्रदेश में कल से कई स्थानों पर एक बार फिर शीतलहर का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं मौसम विभाग के अनुसार अगले दो–तीन दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना हैं शेखावाटी क्षेत्र में रात का पारा 4–5 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का पूर्वानुमान हैं हालांकि बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर बादल छाये रहे और पश्चिमी विक्षोभ के असर से सर्दी का अहसास कम हुआ हैं

.............................................................